विद्या,- भवन, बालिका विद्यापीठ ,लखीसराय

नीतू कुमारी, विषय-हिंदी, वर्ग-पंचम

दिनांक-18-01-2022।   एन.सी.ई.आर.टी पर आधारित

सुप्रभात बच्चों,

अपठित गद्यांश पूरे मनोयोग से पढ़ें तथा समझने का प्रयास करें।



अपठित गद्यांश
(Unseen Passage)

कोई भी ऐसा गद्यांश जो पाठ्यपुस्तक में न पढ़ा गया हो वह अपठित गद्यांश कहलाता है। भाषा-विकास का यह अत्यंत प्रभावशाली साधन है। अपठित गद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देने के लिए एक से अधिक बार गद्यांश को पढ़ना चाहिए। उत्तर संक्षिप्त तथा स्पष्ट होने चाहिएँ। उत्तर अपने शब्दों में लिखने चाहिएँ तथा शीर्षक संक्षिप्त व रोचक होना चाहिए।

उदाहरण–

एक प्रसिद्ध कहावत है, "स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है।" शरीर को स्वस्थ रखने के लिए व्यायाम अत्यंत आवश्यक है। दुर्बल व्यक्ति न तो अपने परिवार की और न ही अपने राष्ट्र की सेवा कर सकता है। व्यायाम के द्वारा शरीर को पुष्ट बनाया जा सकता है। व्यायाम से आयु बढ़ती है, मांसपेशियाँ सुदृढ़ होती हैं, बुढ़ापा तथा रोग जल्दी से आक्रमण नहीं कर पाते। शरीर चुस्त व फुर्तीला बना रहता है। स्वस्थ व्यक्ति प्रसन्न रहता है तथा उसके काम करने की क्षमता में विकास होता है।

प्रश्न - **शरीर को स्वस्थ कैसे रखा जा सकता है?**

उत्तर - शरीर को व्यायाम करके स्वस्थ रखा जा सकता है।

प्रश्न - **व्यायाम के क्या लाभ हैं?**

उत्तर - व्यायाम करके शरीर को सशक्त बनाया जा सकता है। व्यायाम से मनुष्य की आयु बढ़ती है, मांसपेशियाँ मज़बूत होती हैं। बुढ़ापा और रोग दूर बने रहते हैं। काम करने की क्षमता में विकास होता है, आदि।

प्रश्न - **बूढ़ा तथा रोगी शब्दों की भाववाचक संज्ञाएँ बनाओ।**

उत्तर - बूढा – बुढ़ापा   रोगी – रोग

प्रश्न - **शरीर तथा राष्ट्र शब्द के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखो।**

उत्तर - शरीर - तन, देह   राष्ट्र - देश, वतन

प्रश्न - **इस गद्यांश को उचित शीर्षक दो।**

उत्तर - 'व्यायाम' इस गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक है।

गृहकार्य-

दिए ,गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों का उत्तर दें-

नीचे दिए गए गद्यांशों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दो-

1

हमारा देश भारत एक अति प्राचीन देश है। इसका प्राचीन नाम आर्यावर्त था। इस देश के पूर्व निवासी आर्य कहलाते थे। पुरातन युग में यहाँ प्रतापी राजा दुष्यंत हुए। इनका विवाह कण्व ऋषि की पालिता पुत्री शकुंतला के साथ हुआ। शकुंतला ने सिंह के समान शक्तिशाली पुत्र भरत को जन्म दिया था। उसी युवराज के नाम पर इस देश का नाम भारतवर्ष पड़ा।

1. भारत का प्राचीन नाम क्या है?

....

2. 'भारतवर्ष' नाम कैसे पड़ा?

....

3. 'दुष्यंत' कौन थे? उनका विवाह किससे हुआ?

....

4. 'पुत्री' तथा 'विवाह' शब्द के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखो।

....

5. इस गद्यांश को उचित शीर्षक दो।

....